डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई–42

प्रतिवेदन– संयुक्त राष्ट्र दिवस समारोह–2022

'शांतिपूर्ण और मुक्त विश्व के लिए संयुक्त राष्ट्र हमारी एक बड़ी आशा है।'

संयुक्त राष्ट्र संघ की गतिविधियाँ आज मानवीय जीवन के हर पक्ष को प्रभावित कर रही हैं।यह वैश्विक संगठन आज अपने सतत विकास लक्ष्यों के जरिए हर व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए प्रयास कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की मौजूदगी और अथक परिश्रम के कारण ही आज का विश्व कुछ हद तक शांतिपूर्ण है।इस संगठन के योगदान को सराहने के लिए डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी में 28 अक्तूबर 2022 को संयुक्त राष्ट्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मेज़बानी आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा की गईं। कक्षा छठीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न रोचक प्रस्तुतियों द्वारा कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। समारोह के प्रारंभ में दर्शकों को इनका संक्षिप्त परिचय दिया गया। तत्पश्चात स्वागत भाषण हुआ। छठी कक्षा के छात्रों ने भव्य नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों के मनोरंजन के साथ– साथ संयुक्त राष्ट्र संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश भी डाला। कक्षा सातवीं के छात्र - छात्राओं ने प्रभावशाली नाटक प्रदर्शित किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र संघ की उपलब्धियों का उल्लेख था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2022 को कारीगर मत्स्य पालन और जलीय कृषि का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है।आठवीं कक्षा के छात्र –छात्राओं ने नृत्य– नाटिका द्वारा इसी थीम को बढ़ावा देने में संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों और कार्य योजना को सामने लाया। कक्षा नौवीं के छात्रों ने रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र के रुख पर एक गंभीर चर्चा प्रस्तुत की।बच्चों के वक्तव्य में आत्मविश्वास और सोच की स्पष्टता काबिले तारीफ़ थी।कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति में विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों ने दुनिया में शांति बनाए रखने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर प्रकाश डालने वाली एक विचारोत्तेजक भूमिका निभाई।कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

संयुक्त राष्ट्र दिवस समारोह–2022

विश्व शांति में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्रवृंद

नृत्य– नाटिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्य और कार्य योजना

नृत्य प्रस्तुति द्वारा संयुक्त राष्ट्र संगठन की गतिविधियाँ

संयुक्त राष्ट्र संगठन के योगदान को सराहते हुए छात्रवृंद

रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र के रुख पर चर्चा